# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 13.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना मटौंध व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा 24 घंटे के भीतर लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए अन्तर्राज्यीय अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस व लूट के नगद रुपए बरामद।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 13.10.2025 को थाना मटौंध क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम देने वाला अन्तर्राज्यीय अभियुक्त ब्रजेन्द्र उर्फ भाऊ को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि दिनांक 12.10.2025 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के जोगिनी मन्दिर के पास खाईपार के रहने वाले गोबिन्द कुमार पुत्र बाला प्रसाद के साथ 03 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा नकद रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना मटौंध पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया। इसी क्रम में आज दिनांक 13.10.2025 को थाना मटौंध पुलिस व एसओजी टीम थाना मटौंध क्षेत्रान्तर्गत गौरिहार रोड पर चमरहा गांव मोड पर संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग में मामूर थे। चेकिंग के दौरान मुखबिर खास सूचना मिली एक व्यक्ति अवैध असलहा लिए चंद्रिका देवी मंदिर हरदौनी बसहरी रोड पर खड़ा है और आज किसी घटना करने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मौंके पर पहुंचकर व्यक्ति को आत्मसमर्पण हेतु कहे जाने पर स्वयं को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करना शुरू कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। घायल अभियुक्त को गिरफ्तार कर इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति सामान्य है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी प्रयास किए जा रहे हैं। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 02 जिन्दा कारतूस, 02 खोखा कारतूस व लूट के 1720 नगद रुपए बरामद हुए है।

**बरामदगी-**

- 01 अवैध तमंचा 315 बोर
- 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर
- 02 खोखा कारतूस 315 बोर
- 01 हजार 720 रूपए नगद

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. ब्रजेन्द्र उर्फ भाऊ पुत्र राम सेवक निवासी मुडेहरा थाना प्रकाश बम्हौरी जनपद छत्तरपुर म0प्र0 (मुठभेड़ में घायल)।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0 198/25 धारा 304(2) बीएनएस थाना मटौंध जनपद बांदा।
- समायोजित धारा 109/317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मटौंध जनपद बांदा।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. श्री संदीप थानाध्यक्ष मटौंध मय टीम
2. श्री आनन्द कुमार प्रभारी एसओजी मय टीम

**आपराधिक इतिहास ब्रजेन्द्र उर्फ भाऊ -**

1. मु0अ0सं0 170/2022 धारा 392/411 भादवि0 थाना कबरई जनपद महोबा।
2. मु0अ0सं0 173/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कबरई जनपद महोबा।
3. मु0अ0सं0 198/25 धारा 304(2) बीएनएस थाना मटौंध जनपद बांदा।